दैनिक **क्यूँ न लिखूँ सच**

प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 75 मुरादाबाद 10 July 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## राष्ट्रपति चुनाव: योगी ने कर दिया खेला, द्रौपदी मुर्मू के समर्थन में आए राजा भैया; राजभर और शिवपाल भी देंगे साथ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष की गोलबंदी में बड़ी सेंध लगा दी है। सीएम योगी की पहल पर दलीय सीमाएं टूट गईं और विपक्ष भी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू के समर्थन में आ गया। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) समेत समाजवादी गठबंधन में शामिल सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) और जनसत्ता दल ने भी राजग प्रत्याशी का समर्थन किया है।राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को सत्ता पक्ष के अलावा विपक्ष का भी समर्थन मिलने लगा है। न्यूज एजेंसी एएनआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ओम प्रकाश राजभर, जनसत्ता दल के नेता रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया, बहुजना समाज पार्टी (BSP) नेता उमा शंकर सिंह और सपा विधायक शिवपाल सिंह यादव समेत विपक्षी पार्टी के कई नेताओं ने द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देने का ऐलान किया है।

### एयरपोर्ट पर राजग प्रत्याशी का हुआ भव्य स्वागत

राजग प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू दोपहर बाद लखनऊ प्रवास पर पहुंचीं। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, अपना दल (एस) के नेता आशीष पटेल और निषाद पार्टी के नेता डॉ. संजय निषाद सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। कई प्रदेशों के कलाकारों ने एयरपोर्ट पर राजग प्रत्याशी के स्वागत में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

### राजग प्रत्याशी ने घटक दलों से मांगा समर्थन

राजग प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू ने भाजपा, अपना दल (एस), निर्बल भारतीय शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) के सांसदों और विधायकों के साथ समर्थन के लिए सम्पर्क और संवाद किया।

## श्रीलंका में प्रदर्शनकारियों का हल्लाबोल, घर छोड़कर भागे राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे



श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे को अपना आवास छोड़कर भागना पड़ा है। रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार को बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने उनके आवास का घेराव कर लिया। इस हालात में श्रीलंकाई राष्ट्रपति को यह फैसला करना पड़ा। यह घटनाक्रम उस वक्त है जब पुलिस ने हजारों की संख्या में जुटे प्रदर्शनकारियों को भगाने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। राष्ट्रपति राजपक्षे के इस्तीफे की मांग करते हुए सैकड़ों प्रदर्शनकारी कुछ ही समय में राष्ट्रपति भवन में घुस गए। राष्ट्रपति भवन में प्रदर्शनकारियों के घुसने के दौरान सुरक्षा बलों से झड़प में बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने और तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े, पानी की बौछारें की और हवा में गोलियां चलाईं। कुछ प्रदर्शनकारी चहारदीवारी फांदकर और अन्य मुख्य द्वार से राष्ट्रपति भवन में घुसे। प्रदर्शनकारी सरकार विरोधी नारे लगाते हुए तेजी से किलेनुमा भवन में घुस गए। मालूम हो कि प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के त्यागपत्र देने और देश के पूर्वी भाग त्रिंकोमाली के एक सैन्य शिविर में शरण लेने के एक माह बाद यह घटना हुई। एक बड़े कुनबे वाले राजपक्षे बंधुओं को श्रीलंका की बदहाल आर्थिक हालत के लिए दोषी ठहराया जा रहा है।

### शनिवार को सरकार विरोधी प्रदर्शनों से पहले हटाया गया था कफ्र्यू

दरअसल, श्रीलंका में शीर्ष वकीलों के संघ, मानवाधिकार समूहों और राजनीतिक दलों के लगातार बढ़ते दबाव के बाद पुलिस ने शनिवार को सरकार विरोधी प्रदर्शनों से पहले कफ्र्यू हटा लिया था। यह कफ्र्यू सरकार विरोधी प्रदर्शनों को रोकने के लिए कोलंबो सहित देश के पश्चिमी प्रांत में सात संभागों में लगाया गया था। पुलिस के मुताबिक पश्चिमी प्रांत में सात पुलिस संभागों में कफ्र्यू लगाया गया था जिसमें नेगोंबो, केलानिया, नुगेगोडा, माउंट लाविनिया, उत्तरी कोलंबो, दक्षिण कोलंबो और कोलंबो सेंट्रल शामिल हैं। यह कफ्र्यू शुक्रवार रात नौ बजे से अगली सूचना तक लागू किया गया था। गौरतलब है कि श्रीलंका मौजूदा समय में गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है।

## अमरनाथ में तबाही: तेज धमाका...सुन्न पड़े कान, जान बचाने को मची भगदड़, हर तरफ पानी-पानी, अमरनाथ में फंसे यात्रियों की आपबीती



भारी बारिश की चेतावनी के बीच अमरनाथ गुफा के पास बादल फटने से 16 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है, जबकि करीब 40 लोग लापता हो गए हैं। बादल फटने के बाद पहाड़ से आया सैलाब श्रद्धालुओं के लिए लगाए गए तीन लंगरों समेत करीब 40 टेंट बहा ले गया। सैलाब गुफा के सामने श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए टेंटों के बीचों-बीच निकला। सेना, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ समेत आपदा प्रबंधन से जुड़ीं कई टीमें राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हैं। बाढ़ की चपेट में आए शिविर के टेंटों से निकालकर लोगों को फौरन पहाड़ की ढलान तक सुरक्षित पहुंचाया गया। कई लोगों को बचाया गया है। घायलों को एयरलिफ्ट किया जा रहा है। हादसे के समय गुफा के पास करीब पांच हजार लोग मौजूद थे। यात्रा को फिलहाल रोक दिया गया है। अमरनाथ में फंसे कानपुर के यात्रियों ने सुनाई आपबीती शाम करीब 5:30 बजे का समय था, हम भंडारे की सेवा में लगे थे। बारिश होने लगी तो भंडारे की टेंट के नीचे शरण ली। तेज हवाओं और भयावह मौसम की वजह से अनहोनी होने की शंका बढ़ती जा रही थी। कुछ समझ पाते तब तक धम्म सी आवाज हुई, कान सुन्न पड़ गए। कुछ समझ नहीं आया। बस जान बचाने के लिए इधर उधर भागने लगे। जब दम फूल गया और सुरक्षित जगह पाकर रुके तो आंखों के आगे केवल पानी ही पानी था। कई भंडारे पानी में बह गए थे। यह कहते ही गोविंद नगर, कच्ची बस्ती निवासी अमन का गला रुंध गया और बस इतना कह पाया कि तीन साथी भी नहीं मिल रहे हैं। बहुत अंधेरा है। यहां का मंजर बहुत डरावना है। इसके बाद फोन कट हो गया। यह आपबीती अमन ने सचिन दुआ को फोन पर बताई। अमरनाथ में बादल फटने की घटना के बाद से शहर में भी दहशत का माहौल हैअमरनाथ दर्शन करने शहर गए कई यात्रियों और उनके परिवार बस परिवार सुरक्षित रहने की प्रार्थना कर रहे हैं। नहीं चल रहा है।शाम सात बजे नीरज से बात हुई तो उसने बताया था कि करीब दो फुट मलबा जमा है और उसके नीचे कई लोग दबे हैं। अब (रात नौ बजे) नीरज का भी फोन बंद आ रहा है। रात होने से वहां काफी परेशानी होती है।

## चित्रकूट हादसा: CM योगी ने की मुआवजे की घोषणा, मृतकों के परिजन को 2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपये मिलेंगे



चित्रकूट- चित्रकूट सड़क हादसे पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा की है। शनिवार सुबह हुए हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई और 3 गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएम योगी ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। साथ ही पिकअप चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बता दें कि शनिवार सुबह एक पिकअप लोडर घर के बाहर सो रहे लोगों को रौंदता चला गया। पिकअप की चपेट में आए 8 में से पांच लोगों की मौके पर मौत हो गई और अन्य 3 गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएमओ के ट्विटर अकाउंट से ट्वीट करके लिखा गया, सीएम योगी ने जनपद चित्रकूट क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री जी ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को तत्काल दुर्घटना में घायल हुए लोगों का समुचित उपचार कराए जाने और राहत पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री जी ने मृतकों के परिजनों को ?02-02 लाख व घायलों को ?50-50 हजार की सहायता प्रदान करने व पिकअप चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बता दें कि शनिवार को चित्रकूट में भरतकूप थाने के रौली कल्याणपुर इलाके में मंडी की तरफ से टमाटर से भरा लोडर आ रहा था जो अनियंत्रित होकर घर के बाहर सो रहे लोगों पर चढ़ गया। मृतक और घायल पीड़ित अपने एक रिश्तेदार के घर शादी में आए थे। हादसे से शनिवार सुबह इलाके में चीख-पुकार मच गई। गुस्साए ग्रामिणों ने इलाके में जाम लगा हंगामा भी किया।

# गंगाशील अस्पताल में दिल की सर्जरी कराने वाले मरीजों ने जताई खुशी

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- गंगाशील अस्पताल में दिल का ऑपरेशन कराने वाले मरीजों ने आज अस्पताल के अंदर आयोजित एक भव्य समारोह में उपस्थित होकर कार्डियक सर्जन डॉ विशाल अग्रवाल और उनकी टीम के प्रति आभार जताया और कहा कि डॉ विशाल अग्रवाल और उनकी टीम की वजह से ही ना केवल उन्हें जीवनदान मिला है बल्कि गुणवत्ता पूर्वक जीवन जीने का अवसर मिला है। इस मौके पर कई मरीजों ने मंच पर आकर बारी-बारी से अपनी बीमारी और इलाज के बाद के हालातों पर चर्चा की वहीं डॉ विशाल अग्रवाल ने प्रत्येक मरीज के बारे में विस्तार से बताया कि किस कंडीशन में मरीज उनके पास आया था और किस तरीके से उनकी टीम ने सर्जरी करके मरीज को पैरों पर खड़ा किया है। गंगाशील ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के चेयरमैन डॉक्टर एनके गुप्ता ने कहा कि आज उनका सपना साकार हुआ है । उन्होंने कभी सपना देखा था कि उनके अस्पताल में लोग आकर दिल की सर्जरी कराएं आज उनके सामने तमाम मरीजों ने मंच पर आकर अस्पताल के प्रति अपना ना भरोसा जताया है जिसे सुनकर उन्हें बेहद खुशी हुई हुई है। सीएमओ आइटीबीपी डॉक्टर शशी मैहर ने कहा कि गंगाशील अस्पताल अपने आप में एक अनूठा अस्पताल है जहां मरीजों को एक छत तले तमाम तरीके की चिकित्सा सुविधाएं मिल रही हैं। कार्यक्रम के दौरान कई मरीजों के अनुभव सुनकर इंडियन बॉर्डर तिब्बत फोर्स के अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शशि मेहर ने खुशी जताई वहीं अस्पताल प्रबंधन ने भी कहा कि






भविष्य में उन्हें अलग से आमंत्रित करके उनका व्याख्यान इस सभागार में फिर से आयोजित करेंगे। इस मौके पर इफको आंवला, अस्पताल की सीएमओ डीजीएम डॉ सुनीता गुप्ता ने भी आयोजकों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि बरेली के अंदर गंगाशील अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टर वास्तव में ऐसी सेवा कर रहे हैं जो शायद बरेली के किसी बड़े अस्पताल में उपलब्ध नहीं होगी। आयोजकों की तरफ से इन दोनों अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी दिए गए। इस मौके पर डॉ शालिनी माहेश्वरी ने कहा कि उन्हें खुशी हो रही है कि डॉ निशांत गुप्ता और पापाजी अर्थात डॉ नवल किशोर गुप्ता के सपने साकार हुए हैं यहां पर विशेषज्ञ डॉक्टर की टीम मरीजों का इलाज कर रही है डॉक्टर शालिनी ने बताया कि इस मरीज के इलाज पर 25 डॉक्टर और ट्रेंड पैरामेडिकल स्टाफ की टीम काम करती है। बाद में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह लोधी ने कार्यक्रम में पहुंचकर मरीजों को अपने हाथों से स्मृति चिन्ह दिए वहीं अस्पताल की ओर से हेल्थ कार्ड भी जारी किए गए जिन्हें दिखा कर मरीजों को भविष्य में इलाज में काफी सहूलियत मिलेगी। डॉ विशाल अग्रवाल ने मरीजों को भरोसा दिलाया है कि इस अस्पताल से उन्हें कभी भी निराशा हाथ नहीं लगेगी भविष्य में भी उनकी जांच काफी कम खर्चे पर मिलती रहेंगी। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन ने कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह का बड़ी गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। इस मौके पर डॉ निशांत गुप्ता डॉ शशिबाला राठी, मनीष वैष्णव संकेत वाली अभिषेक दीपक कॉल राहुल श्रीवास्तव वैभव गौतम समेत गंगाशील स्टाफ केकई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

# फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- डा0 जेता सिंह मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, संयुक्त जिला अस्पताल भिनगा श्रावस्ती के द्वारा पुलिस अधीक्षक जनपद श्रावस्ती को प्रार्थना पत्र प्रेषित कर अवगत कराया गया कि अज्ञात हैकर द्वारा मेरे डिजीटल हस्ताक्षर का प्रयोग कर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है। प्रकरण के संज्ञान में आते ही पुलिस अधीक्षक जनपद श्रावस्ती अरविन्द कुमार मौर्य ने तत्काल थाना को0 भिनगा में मु0अ0स0 295/2022 धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि व 66( ष ), 66( स्त्र ) ढ्ढञ्ज ष्ह्ल पंजीकृत करा कर अपराध शाखा/ साइबर सेल/ सर्विलांस सेल/स्वाट टीम की संयुक्त टीम बनाकर घटना के सफल अनावरण के निर्देश दिए । पुलिस अधीक्षक के दिए गए दिशा निर्देशो के फलस्वरुप संयुक्त टीम ने फर्जीवाडा कर जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले गैंग के 04 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर गिरोह का पर्दाफाश करने में सफलता प्राप्त की है। जिनके कब्जे से 04 अदद मोबाइल, 20 अदद कूट रचित भिन्न भिन्न नामों से जन्म प्रमाण पत्र व रू- 1010 नगद बरामद किया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों द्वारा पुछताछ के दौरान बताया गया कि हमारे द्वारा फर्जी वेबसाइट का प्रयोग कर किसी भी व्यक्ति का चाहे वह कही का निवासी हो जन्म प्रमाण पत्र बनाया जाता है व उसका इस्तेमाल किया जाता है। 1- तनवीर खॉ पुत्र मो0 इक्बाल नि0- सेखनपुरवा थाना ललिया जिला बलरामपुर उ0प्र0। अशीष कुमार पाठक पुत्र स्व0 मिश्रीलाल नि0 पण्डित पुरवा मथुरा बाजार थाना ललिया जिला बलरामपुर उ0प्र0। रतन जायसवाल पुत्र निबरे जायसवाल नि0 मथुरा बाजार थाना ललिया जिला बलरामपुर उ0प्र0। नियाज उर्फ रियाज उर्फ नियाज उर्फ मुकेश पुत्र रईस अहमद निवासी बंठिहवा थाना को0 भिनगा जनपद श्रावस्ती

# पाँच शातिर अपराधियों पर गैंगेस्टर की कार्यवाही

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- थाना मल्हीपुर पुलिस द्वारा अभियुक्तगण 1. वसीम उर्फ बटेर पुत्र



सुल्तान निवासी महजिदिया, 2. धीसू अली पुत्र दोस्त मोहम्मद, 3. मगते उर्फ नजीर पुत्र सद्दीक निवासीगण सलारूगांव, 4. वसीम पुत्र इदरीश निवासी जानूगांव 5. वारिस अली पुत्र उकत्लाम निवासी बनकटवा थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती के विरुद्ध धारा 3( 1 ) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की गयी। इनका एक संगठित गिरोह है जिसका लीडर वसीम उर्फ बटेर है। अभियुक्तगणों द्वारा आर्थिक/ भौतिक लाभ गोवंश की चोरी कर उनका वध करके उनकी खाल व मांस बेचने की घटनाए कारित की जाती रही है।

# संचारी रोग जागरूकता कार्यक्रम

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार जिला कृषि रक्षा अधिकारी विजय कुमार ने बताया है कि आम जनमानस को संक्रामक बीमारियों तथा जापानी इन्सेफेलाइटिस, एक्यूट इन्सेफेलाइटिस सिन्ड्रोम यानी जेई, एईएस, संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत कृषि विभाग द्वारा संचारी रोगों के वाहक/वेक्टर के रूप में कार्य करने वाले कृंतक नियंत्रण करने तथा मच्छरों का प्रजनन रोकने हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम की कार्य योजना जारी कर दी गई है। कृषि रक्षा अनुभाग द्वारा समस्त न्यायपंचायतवार कर्मचारियो की डयूटी लगायी गई है। इसके अलावा पर्यवेक्षणीय दायित्व के निर्वाहन हेतु सहायक विकास अधिकारी ( कृषि रक्षा ) को दायित्व सौपा गया है। कृषि रक्षा इकाई पर आने वाले कृषको से संवाद के माध्यम से कृंतक नियत्रंण तथा मच्छर नियत्रंण कार्यक्रम 01 जुलाई से 31 जुलाई 2022 तक चलाया जायेगा। कृंतक नियत्रंण के लिए जनपद की निजी प्रतिष्ठानो पर उपलब्ध कृषि रक्षा रसायन जिंक फास्फाइड 80 प्रतिशत तथा एलुमीनियम फॉस्फाइड 56 प्रतिशत के माध्यम से संचारी व संक्रामक रोगो का रोक थाम किया जा सकता है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने कृषको से अपील की है कि अपने -अपने घरो मे चूहा नियंत्रण हेतु कृषि रक्षा रसायनो का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें। कृषि रक्षा रसायन के प्रयोग के लिए एक बिल/छेद के लिए एक ग्राम दवा मे 1.0 ग्राम सरसों का तेल व 48 ग्राम सूखा भूना आटा मिलाकर चूहाॅ के बिल के पास अथवा घर के कोने मे रखे और अगले दिन निरीक्षण करे चूहे के न मरने की दशा मे पुन: कृषि रक्षा रसायन का प्रयोग करें। चूहे के मरने के बाद इसको जमीन के अन्दर दबा दें साथ ही साथ यह भी ध्यान रखे कि कृषि रक्षा रसायन के प्रयोग के समय हाथ मे दस्ताने अवश्य पहने दवा रखने के बाद साबुन से अच्छी तरह से हाथ मुंह धुल लें।कृषि विभाग द्वारा संचालित सहभागी फसल निगरानी एवं निदान प्रणाली में किसानों की समस्याओं का निस्तारण 48 घंटे के भीतर किया जा रहा है। किसान भाई अपनी फसलों में लगने वाले कीट रोग एवं अन्य समस्या के लिए मो0 नम्बर 9452247111 एवं 9452257111 पर फसल की फोटो वाट्सएप पर भेज कर रोग व कीट से बचाव के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर सकते है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया की किसान भाई अपने नजदीकी कृषि रक्षा इकाई से भी संपर्क करके लगने वाले कीट/ रोग से समस्या का समाधान प्राप्त कर सकते है।

*अन्य खबरों के लिए देखे*

www.knlslive.com

# बारिश में नए मुरादाबाद,पाकबड़ा संग कई जगह फाल्ट,गड़बड़ाई बिजली

मुरादाबाद- बारिश होते ही नया मुरादाबाद व पाकबड़ा से जुड़ी लाइनों में फाल्ट हो गए। इससे कई इलाकों में बिजली चार घंटे से अधिक समय तक बाधित रही। दोपहर बाद बामुश्किल सप्लाई शुरू हो पाई। वहीं दूसरी ओर कांशीरामनगर के बैंक कालोनी में केबल जलने से दिक्कत आई, शिकायत पर एसडीओ ने फाल्ट ढूंढकर सप्लाई शुरू कराई। शनिवार सुबह बरसात शुरू होने पर लाइन में आए फाल्ट के चलते नया मुरादाबाद, सुपरटेक, पार्श्वनाथ, रेलवे कालोनी,पाकबड़ा बिजलीघर से जुड़े कई फीडरों में बिजली बाधित हुई। सुबह साढ़े दस बजे गड़बड़ाई बिजली दोपहर तक सामान्य हो पाई। इन चार घंटों में सैकड़ों परिवारों को बिजली न मिलने से काफी परेशानी झेली। जेई सत्यपाल ने बताया कि बारिश की वजह से नया मुरादाबाद,पाकबड़ा में फाल्ट हुए थे,33केवीए की लाइन में दिक्कत से सप्लाई शुरू होने में वक्त लग गया। इसके साथ ही ाउनहाल,कंजरी सराय, ताड़ीखाना, मालवीय नगर, गांधीनगर में बिजली सप्लाई कुछ देर बाधित रही।














# कुन्दरकी में रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत शव मिला, सनसनी



मुरादाबाद- थाना क्षेत्र के गांव फ़रहेदी हाल्ट पर रेलवे पटरी पर तड़के वृद्ध की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त गांव ईंधनपुर नगला के जयप्रकाश के रूप में हुई हैं। पुलिस ने शव को कब्ज़े में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ईंधन पुर नगला निवासी जयप्रकाश मानसिक संतुलन से जूझ रहे थे। परिजनों ने बताया कि देर रात को वह घर से गायब हो गए। जब सुबह उन्हें पता लगाने निकले तो उनका शव मुरादाबाद चन्दौसी रेलवे पटरी पर क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा मिला। शव की सूचना पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर दोपहर बाद मृतक का शव गांव में पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी विमलेश,बेटे भागीरथ पिंटू, सुनील दो पुत्रियों का रो-रोकर बुरा हाल है। सांत्वना देने के लिए ग्रामीणों का जमावड़ा लगा रहा।

# बिलारी शहर इमाम ने ईदगाह परिसर में व्यवस्थाओं को परखा

मुरादाबाद- नगर की ईदगाह पर शहर इमाम मौलाना सदाकत हुसैन ने ईदगाह कमेटी के साथ ईदगाह प्रांगण में पहुंचकर ईद उल अजहा की नमाज अदा करने को लेकर तैयारियों की व्यवस्था को परखा और मौसम खराब होने के चलते नमाज अदा करने को लेकर बेहतर इंतजाम करने के निर्देश दिए। मंगलवार को शहर इमाम मौलाना सदाकत हुसैन ईदगाह परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद रफी उर्फ राजू को उनकी टीम के साथ ईदगाह परिसर का भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि बुधवार को ईद उल अजहा की नमाज ईदगाह परिसर में अदा की जाएगी। मौसम खराब हो सकता है, इसके चलते बेहतर इंतजाम करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा शहर इमाम मौलाना सदाकत हुसैन ने कुर्बान गाह का भी भ्रमण किया, यहां उन्होंने कुर्बानी करने वाले लोगों को पैगाम दिया कि कोई भी ऐसा काम ना करें जिससे किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे। इसके अलावा सभी से सरकार की गाइड लाइन में पर्व मनाने की अपील की। इस दौरान मुख्य रूप से ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद रफी उर्फ राजू, सभासद कासिम अंसारी, हाजी मोहम्मद इकबाल अंसारी, जीशान अआलम उर्फ गुड्डु कचरी वाले, कसीम आजाद, यामीन उस्ताद, राशिद चौधरी, इंजीनियर हैदर रजा नूरी आदि मौजूद रहे।

# कुन्दरकी में बकरीद को लेकर अलर्ट, परखी व्यवस्था



मुरादाबाद- बकरीद को लेकर पुलिस प्रशासन बेहद सतर्क है। शनिवार को थानाध्यक्ष पवन कुमार ने धर्मगुरुओं के साथ बैठक की। धर्मगुरुओं ने अपील की कुर्बानी का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड न करें। सड़कों पर नमाज अदा न करें। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न की जाए। अमन और भाईचारे के साथ ईद उल अजहा का त्योहार मनाने की अपील की। उधर सुबह आठ बजे होने वाली ईदगाह पर नमाज का थानाध्यक्ष ने निरीक्षण किया। वहां होने वाली समस्याओं की भी व्यवस्था देखी। चेयरमैन पति अधिवक्ता मेहंदी हसन ने सफाई व्यवस्था सहित सभी व्यवस्था पुख्ता कराई है। इस मौके पर थानाध्यक्ष पवन कुमार, चौकी प्रभारी विजय सिंह, चेयरमैन के पति अधिवक्ता मेहंदी हसन, कारी अनीस अहमद, काजी सुहैल अहमद उप निरीक्षक नरगिस सैफी ,एसएसआई कुलजीत सिंह के साथ ही मौलाना मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com




इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।


## संपादकीय Editorial

# Goodbye aabe

The longest serving Prime Minister of Japan, Shinzo Abe wanted to give a big turn to the politics of his country. Not only politics, economy and society, he also wanted to change the way of thinking of the Japanese people. To some extent he was also successful. But on Friday, when he was shot dead in the city of Nara, Japan's politics suddenly took a different turn. His politics since the Second World War has always been away from things like violence and aggression. The matter of murder could not even be imagined. Japan is perhaps the only country in the world, which, despite its prosperity and economic power, not only kept a distance from weapons as a country, but also kept its society away from it. Citizens in Japan are not allowed to buy or possess weapons. Guns aside, people can't even carry traditional swords. If one of the most popular former prime ministers is killed in a country that has kept such a distance from violence, then it can only be understood how big a shock it will be for that country. However, the past and thinking that all these things were a product of, Shinzo Abe wanted to completely change it. It is said that the wounds inflicted on Japan by the tragic chapters of Hiroshima and Nagasaki have not yet recovered. Shinzo Abe wanted to completely free the Japanese public from the ghost of the Second World War, which always haunts people's hearts and minds. After the Second World War, when America was in a way occupied there, Japan made its constitution, in which it was provided that Japan would not have any attacking army of its own. Abe wanted to change this. He wanted to make such a Japan, which, like all the countries of the world, should also be a military power. For this, he tried to awaken the Japanese nationalism before the World War, whose irony was believed by the whole world. But in this he failed after a certain point. Abe's campaign to rid Japan of its past vata, kapha and pitta did not end there. He also tried to end the old enmity with China. He became the first prime minister to visit Beijing. Shinzo Abe also apologized to China and Korea for the atrocities committed by the army there during the period of the Japanese Empire. Shinzo Abe will also be remembered for trying to take Japanese women to the next level of power. The problem with Japan is that the proportion of the elderly population there is very high and is continuously increasing. Abe tried to find a solution to the shortage of young workers and leaders through women's empowerment. Due to this he was also able to give a new impetus to the Japanese economy. Meanwhile, on the day he set the record for being the longest-serving prime minister in Japan, he resigned from his post four days later. The reason given was poor health. However, he remained active in politics and was assassinated in a political meeting.


# Payal-Sangram lost in each other's eyes before marriage, romantic photos of Mehndi went viral

Payal Rohatgi and Sangram Singh are going to tie the knot today. Fans are eagerly waiting for the wedding pictures of both of them to come on social media. Payal and Sangram's pre-wedding functions have started. Recently, Mehndi Ceremony was organized, whose pictures have been shared by Payal Rohatgi herself on Instagram. In the photos, both are seen celebrating Mehndi Ceremony in a very romantic way before the wedding. The couple was seen looking at each other.“In the photos, Payal Rohatgi is seen wearing a brown and golden lehenga and wearing a tiara on her head. On the other hand, Sangram Singh is seen wearing dark blue color kurta pajama. Both are seen getting henna applied on their hands and looking into each other's eyes. While Payal is getting mehndi applied on her hands till the elbows, Sangram is getting mehndi applied on his palm. Marriage after 12 years of dating- Let us tell that Payal Rohatgi and Sangram Singh are going to get married with each other in Agra. Both are dating each other for the last 12 years and now they have decided to tie the knot. Payal Rohatgi and Sangram believe in keeping their relationship and private things private, but both are constantly sharing pictures of this function on social media. Sangram Singh is excited about marriage - Let us tell you that Sangram Singh said about marriage, 'I am very happy. We are together since last 12 years. It's time to move on from our relationship and get married. Even our parents wanted us to get married for a long time. After spending so much time with Payal, I don't think I can find a better girl than her.



# This famous actress of the 80s had a bad end due to this disease, the body was found outside the dargah

As glamorous and spectacular as the film world looks from outside, behind the scenes the situation here is quite different. The star who is here today, what will happen tomorrow, no one knows. No one can guess when whose film will go and when will it turn from star to flop star. Now today we are going to tell you the story of an actress who was once a popular actress. But he would never have thought that at one point of time he would get so bad. Not only this, the death of this actress was also very painful. The actress we are talking about was Nisha Noor. Nisha was a popular South actress and she was everywhere in the 80s. She gave many hits and she was such a wonderful actress, every director wanted to work with her. Films stopped running - however, then such days came in the life of the actress that her films stopped running. He also stopped getting work when the films did not work. After that his financial condition got very bad. Then she got away from the big screen and after that no one came to know about her where she went. The condition worsened due to illness- According to reports, after some time there were reports that the actress took advantage of her condition and pushed her into prostitution and then she got AIDS. The condition of the actress was also not so good that she could treat herself and then one day she left everyone in this world. According to reports, in the year 2007, the actress was found outside a dargah. At that time ants were crawling on his body. His body was then taken to the hospital and it was there to find out what was wrong with him. Nisha's condition had become very bad. No one was able to recognize him. Everyone was quite surprised by his condition.





# जनपद के जिला पदाधिकारियों की द्विसत्रीय बैठक की

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- विश्व हिन्दू परिषद/बजरंग दल के प्रांत सह संगठन मंत्री आर्येंद्र जी व प्रांत संयोजक बजरंग दल राकेश त्यागी जी जनपद के जिला पदाधिकारियों की द्विसत्रीय बैठक की गई। श्रीमान आर्येंद्र जी द्वारा किसी बयान की प्रतिक्रिया में जो देश भर में हत्याये हुई है उससे हिन्दू समाज में काफ़ी रोष है और भयभीत भी है, बजरंग दल अपने- अपने जनपद के सभी हिन्दुओं की भय की चिंता करे किसी भी प्रकार की उसकी आजादी पर अतिक्रमण न होने पाएं जरूरत पड़े तो जो कट्टरवाद से डराने या %सर तन से जुदा% जैसे शब्दों को कन्ही भी कहे उनके खिलाफ हृ- व उचित कानूनी धाराओं में मुकदमें लिखवाए जिन हिन्दू लोगों को कोई जान से मारने या धमकाने की कोशिश करें ऐसे पीड़ित हिंदुओ को उनकी आत्मरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस बनवाने में भी सहयोग करें। धमकी से पीड़ित ब्रज प्रांत हिंदुओं के लिए बजरंग दल ने हेल्पलाइन नंबर 9457553339 भी जारी किया है। प्रांत संयोजक बजरंग दल श्रीमान त्यागी जी ने बताया विगत कई वर्षो से प्रतिवर्ष बजरंग दल द्वारा आयोजित होने वाली श्री बाबा बूढ़ा अमरनाथ




जी यात्रा धार्मिक के साथ साथ राष्ट्रीय महत्व की यात्रा है, सीमा पर खड़े सेना के जवानों के प्रति सम्मान और गौरव की भी यात्रा है 3 अगस्त 2022 को बृजप्रान्त के सभी जिलों से बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को ट्रेनों से रिजर्वेशन करा कर जम्मू के लिये प्रस्थान करना है और 4 अगस्त को जम्मू पहुंचना है 5 अगस्त को सुबह बृजप्रान्त की यात्रा जम्मू से पुंछ को प्रस्थान करेगी...यह यात्रा बजरंग दल की साहसिक यात्रा है और बजरंग दल के नेतृत्व में जायेगी इसमें जम्मू, पुंछ, बाबा बूढा अमरनाथ चट्टानी, शिवखोड़ी, वैष्णो देवी आदि के दर्शन करके बजरंगी बापस आते हैं... इस यात्रा में कुल 7 दिन का समय लगता है। विभागाध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने जिले के सभी पदाधिकारियों को प्रत्येक प्रखंड की जिम्मेदारी देकर संगठन को मजबूत कर हिन्दू धर्म व हिन्दू समाज की सेवा की जाय उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान दो टूक काली फिल्म के पोस्टर को लेकर आपत्ति जताई व निर्माता/डायरेक्टर लीना मणिमेकलाई और उनकी टीम के खिलाफ नगर कोतवाली में विहिप जिला सहमंत्री शिवांग गुप्ता द्वारा एफ आई आर दर्ज कराने हेतु तहरीर दिए जानें की जानकारी दी। बैठक का संचालन जिला मंत्री प्रभात कुलश्रेष्ठ द्वारा की गई बैठक में कार्य अध्यक्ष सुधाकर गुप्ता,प्रशांत पाठक जिला उपाध्यक्ष, मुकेश राठौर,राजेश चौहान, सुभाष पाल ,हरीश प्रताप, निशा चौहान, अनुभव गुप्ता जिला सह संयोजक बजरंग दल मौजूद रहे।

## ठगी गई 15000 रुपये की सम्पूर्ण धनराशि को पीडित के बैंक खाते में वापस कराया गया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदयशंकर सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा श्रीमती स्नेहलता के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में साइबर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर सैल एटा द्वारा आनलाइन ठगी का शिकार हुए शिकायतकर्ता श्री सतीश सिंह श्री लाल सिंह नि0 चोचा वनगांव थाना कोतवाली नगर जनपद एटा ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने शिकायतकर्ता के खाते से 15000 रूपये का फाड कर लिया है । अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा द्वारा साइबर सेल की टीम को प्रकरण की जांच कर शिकायतकर्ता को समुचित मदद करने हेतु निर्देशित किया गया। साइबर सैल एटा द्वारा मामले की गंभीरता से जांचकर त्वरित व लाभप्रद कार्यवाही करते हुए तथा सम्बन्धित बैंक/गेट-वे को ई-मेल करते हुये शिकायतकर्ता की ठगी गई 15000 रुपये की सम्पूर्ण धनराशि को पीडित के बैंक खाते में वापस कराया गया है। अपने पैसे वापस पाकर शिकायतकर्ता द्वारा एटा पुलिस को धन्यवाद देते हुए भूरि भूरि प्रशंसा की गई है।

## भाई पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ कुर्की करने का सिलसिला जारी



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा में गैंग्स्टर एक्ट के आरोपी सपा के पूर्व विधायक और उनके भाई पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ कुर्की करने का सिलसिला जारी, जिला प्रशाशन ने की गैंग्स्टर एक्ट के तहत ढ़ाई करोड़ की संपत्ति को कुर्क कर सीज करने की कार्यवाही, पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव दोनों भाईयों की ढ़ाई करोड़ की संपत्ति की मुनादी कर, की गई कुर्की, एटा जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर सपा के पूर्व विधायक और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष की 29 करोड़ की संपत्ति को जिला प्रशाशन करेगा कुर्क, एटा बस स्टैंड के सामने ढ़ाई करोड़ की कीमत की 7 दुकानों और बिल्डिंग को कुर्क कर किया गया सीज, एटा जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर एडिशनल एसपी कालू सिंह,इंस्पेक्टर रामेंद्र शुक्ला,एसआई संजय सिंह,लेखपाल राजबहादुर सहित राजस्व टीम रही मौजूद।

## समाज कल्याण विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार की जांच कराई जाए-ठाकुर राकेश कुमार सिंह


लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ -भाजपा किसान मोर्चा महानगर के कार्यकर्ताओं ने समाज कल्याण विभाग अलीगढ़ पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गरीब लोगों की वृद्धि एवं विधवा पेंशन शादी की अनुदान राशि इन्हें भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि समाज कल्याण विभाग अलीगढ़ में गरीब महिलाओं का गरीब लोगों का वृद्धा एवं विधवाओं का और उत्पीड़न हो रहा है उन्होंने कहा है कि वृद्धा विधवा पेंशन धारकों ने बताया है कि हमारी कई महीनों के वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन रुक रही हैं चक्कर लगाते लगाते विभाग के गरीब महिलाएं बुजुर्ग महिलाएं थक गई है वृद्धा विधवा महिलाएं अधिकांश किसानों के परिवारों से हैं बाबू एवं क्लर्क पेंशन सुचारू कराने के लिए पैसे की डिमांड रखते हैं पैसे ना देने पर महिलाओं को बिगर मतलब के परेशान करते हैं भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह यह भी कहा है कि समाज कल्याण विभाग अलीगढ़ में सरकार के आदेश का उल्लंघन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा वृद्धा एवं विधवा पेंशन की आड़ में महिलाओं का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा सैकड़ों महिलाओं ने अपने उत्पीड़न की शिकायत समाज कल्याण विभाग की है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि समाज कल्याण विभाग में महिलाओं को परेशान न किया जाए जिनकी पेंशन रुकी हुई है उनको सुचारु रुप से चालू किया जाए जो शादी का अनुदान राशि जो रुकी हुई है गरीब लोगों के परिवारों तक पहुंचने चाहिए समाज कल्याण विभाग में गरीबों कहां हो रहा उत्पीड़न उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा विनोद कुमार यादव महानगर महामंत्री विजय विक्रम सिंह महानगर मंत्री अमित प्रताप सिंह महानगर मंत्री महेश चंद्र बघेल महानगर मंत्री भारत भूषण महानगर कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र सिंह कार्यकारिणी सदस्य डंबर सिंह आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने समाज कल्याण विभाग अलीगढ़ में पूरे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग की है

## नर्क का जीवन जीने को है मजवूर श्यामनगर वासी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा- डॉक्टर प्रमेश चंद्र शर्मा के मकान के विल्कुल सामने तालाव मरा पड़ा जानवर जिससे स्कूल जा रहे बच्चों व राह गीरो का निकलना दूवर हो रहा है क्यों कि तालाव में मरे पड़े जानवर की इतनी भयंकर बदवू आ रही है कि स्कूल जा रहे बच्चों को उलटियां तक हो रही है और वही राह गीरो को भी भयंकर बीमारी का भय शता रहा है । इतने पर भी नगर पालिका परिषद एटा इधर कोई ध्यान



नही दे रही है जब कि नगर पालिका परिषद को इसके वारे में अवगत भी करा दिया गया है फिर भी यह हालत वनी हुई है क्या नगर पालिका परिषद किसी वडी बीमारी का इंतजार कर रही है

- आखिर ऐसा वर्ताव क्यो कर रही है श्यामनगर वासियों के साथ नगर पालिका परिषद एटा
- श्यामनगर के तलाक में मरे हुए जानवरो की बदवू से हाल वे हाल है वहाँ के वासियो का
- स्कूल के वच्चो का गन्दगी से विगड़ रहा है स्वास्थ

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# मुलायम सिंह यादव की दूसरी पत्नी साधना गुप्ता का निधन, गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में ली अंतिम सांस



उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव की दूसरी पत्नी साधना गुप्ता का शनिवार को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। तमाम जांच के बाद अस्पताल प्रबंधन की ओर से शाम लगभग चार बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।बताया जा रहा है कि साधना गुप्ता शुगर और फेफड़ों के संक्रमण की बीमारी से ग्रसित थीं। हालत बिगड़ने पर उन्हें एक जुलाई को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां डॉ. सुशीला कटारिया की देखरेख में उनका इलाज चल रहा था। शुक्रवार रात उनकी हालत काफी गंभीर हो गई थी। साधना की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें आईसीयू में रखा गया था, शनिवार सुबह से ही उनकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई थी। इसके चलते शनिवार सुबह मुलायम सिंह यादव भी उनसे मिलने के लिए अस्पताल पहुंचे थे। मुलायम सिंह सुबह करीब 11=30 बजे अस्पताल आए थे, उन्होंने अपनी पत्नी को देखा और डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी भी ली। इसके बाद वह अस्पताल से वापस लौट गए थे। दोपहर लगभग चार बजे उनकी पत्नी का अस्पताल में निधन हो गया। मुलायम सिंह की पत्नी साधना गुप्ता का पार्थिव शरीर पहले दिल्ली और फिर उसके बाद सैफई ले जाया जाएगा। मुलायम सिंह यादव अभी दिल्ली में हैं, और अखिलेश भी लखनऊ से रवाना हो गए हैं। बता दें कि, साधना गुप्ता सपा नेता मुलायम सिंह यादव की दूसरी पत्नी और सपा सुप्रीमो अखिलेश की साधना यादव सौतेली मां हैं। साधना के अपने बेटे का नाम प्रतीक यादव है और उनकी बहू अपर्णा यादव हैं। अपनी बेबाक बयानी के लिए प्रसिद्ध अपर्णा यादव भाजपा की नेता हैं। यूपी विधानसभा चुनाव 2022 से पहले ही अपर्णा यादव ने सपा को छोड़ भाजपा में शामिल हो गई थीं। गौरतलब है कि साधना गुप्ता राजनीतिक चकाचौंध से अक्सर दूर ही रहती थीं। मुलायम सिंह यादव की दूसरी पत्नी थी, जिनसे उन्होंने पहली पत्नी मालती यादव के निधन के सालों बाद शादी की थी। मुलायम की पत्नी होने के चलते साधना गुप्ता जरूर जानी जाती थीं, लेकिन वह सार्वजनिक जीवन में उनके साथ कम ही दिखती थीं।

## रिकॉर्ड 28 महीने में बनकर तैयार हुआ बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे, इन सात जिलों की बदलेगी तकदीर

उत्तर प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 16 जुलाई को कर सकते हैं। इस बाबत प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा और अपर मुख्य सचिव (गृह) अवनीश अवस्थी ने शनिवार को यहां मुकम्मल तैयारियों का जायजा लिया। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे लगभग 28 महीने के रिकॉर्ड समय में बनकर तैयार हुआ है। इससे प्रदेश के सात जिलों इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, बांदा और चित्रकूट की तकदीर बदलना तय है। गौरतलब है कि 29 फरवरी, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही इसका शिलान्यास किया था। समझा जाता है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में प्रधानमंत्री मोदी इसका उद्घाटन आगामी 16 जुलाई को कर सकते हैं। पहले यह कार्यक्रम 12 जुलाई को प्रस्तावित था, लेकिन कुछ काम पूरे नहीं हो पाने के कारण इसे स्थगित करना पड़ा था। यूपी के मुख्य सचिव और अपर मुख्य सचिव के अलावा प्रदेश के पुलिस महानिरीक्षक देवेन्द्र सिंह चौहान ने एक्सप्रेस-वे का स्थलीय निरीक्षण कर एक्सप्रेस वे के निर्माण कार्य की स्थिति की समीक्षा की। मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा ने बताया कि पहले चित्रकूट से दिल्ली तक का सफर तय करने में लगभग 9 से 10 घंटे लगते थे, लेकिन अब इस एक्सप्रेस-वे के बनने से अब यात्रियों को दिल्ली पहुचने के लिए सिर्फ 5 से 6 घंटे का सफर तय करना होगा। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे प्रदेश के सात जनपदों से होकर गुजरेगा, जिसमें इटावा और औरैया के अलावा बुंदेलखंड के जालौन, हमीरपुर, महोबा, बांदा और चित्रकूट शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह एक्सप्रेस-वे इन इन सातों जिलों में विकास की गति को तेज करेगा। इसके अलावा एक्सप्रेस-वे के साथ ही औद्यौगिक कारीडोर को भी विकसित किया जा रहा है, जिसमें कई औद्यौगिक इकाईयों को स्थापित कराया जाएगा।

# कठर्रा में सरकारी हैंडपम्पों का हाल बेहाल



तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली -प्रधान व सचिव से कई बार ग्रामीणों की मांग पर भी नहीं ठीक हुए गांव के सरकारी हैंडपम्प। देवरनियां। ब्लाक दमखोदा के गांव कठर्रा में सरकारी हैंडपम्प सालों से खराब पड़ा हुआ है । जवकि गांव की आबादी लगभग सात हजार है,इतनी बड़ी आबादी के बावजूद सरकारी हैंडपम्प ठीक कराने की ग्राम प्रधान व सचिव मनोज पटेल सुध नहीं ले रहे हैं। जबकि ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान मोहम्मद हसन ब सचिव मनोज पटेल से इस मामले में कई बार हैंडपम्प ठीक कराने की मांग कर चुके हैं । लेकिन उसके बाद भी दोनों गांव के जिम्मेदार चुप्पी थामें बैठे हैं। जबकि गर्मी में ग्रामीणों को प्यास बुझाने को भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है, कि पिछले चार महीने पूर्व सरकारी नलों पर लाखों रुपए सरकारी निधि से निकाला भी जा चुका है, लेकिन मौके पर विकास की वास्तविकता कुछ और ही है।

# एकादशी व बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-एक-दूसरे के पर्व में शामिल होने से पर्व का महता बढ़ता है - पांडेय दतिमा मोड़- देवशयनी एकादशी व ईद-उल-अजहा बकरीद पर्व को लेकर शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने को लेकर करंजी चौकी में शांति समिति की बैठक चौकी प्रभारी करंजी लव कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में चौकी क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित हुए। मौके पर एएसआई संजय गोस्वामी, मनोज दिवेदी सहित प्रधान आरक्षक सुनील भारती, सुनील भारती, राजकुमार सिंह मौजूद रहे। इस बैठक में उपस्थित सभी को चौकी प्रभारी करंजी लव कुमार पांडेय ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल से देवशयनी एकादशी व बकरीद पर्व मनाने के लिए आप सभी का सहयोग चाहिए और कहा कि त्यौहार के दौरान असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। शांति समिति की बैठक में जुटे दोनों समुदाय ने शांति पूर्वक मनाने के संकल्प ले। एक-दूसरे के पर्व में शामिल होने और सहयोग करने से पर्व का महता और बढ़ जाता है। साथ ही हिंदू-मुस्लिम एकता भाईचारे की मिसाल पेश करे। पुलिस की ड्यूटी तैनात रहेगी। कोई भी व्यक्ति त्यौहार में माहौल को बिगाड़ता है, तो हमें इसकी सूचना दें और उस पर हम कार्यवाही करेंगे।इस दौरान विजय जायसवाल, जहांगीर हसन, मोहिबुल हसन, बाबी सिंह,अनूप जायसवाल, अब्बास अंसारी, अब्दुल खान, मो. रफीक, सुलेमान अंसारी, भूषण बघेल, अतिलाल राजवाडे, जय सिंह, मोहन सिंह, खिरोधन सिंह उपस्थित रहे।

# स्वले नगर के मुतावल्ली ज़मीर रज़ा से की मुलाकात



तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली -स्वले नगर के मुतावल्ली ज़मीर रज़ा से की मुलाकात इंद्रेश जी के सहयोगी आर एस एस मौहम्मद वसी हैदर राष्ट्रीय नेता ( भा जा पा ) ईद उल जोहा के मौके पर बरेली कर्बला स्वले नगर के मुतावल्ली ज़मीर रज़ा से की मुलाकात देश की जनता वा बरेली शिया समुदाय से की अपील की ईद उल जोहा शांति और आपसी भाई चारे के साथ मनाएं सार्वजनिक जगहों पर कुर्बानी ना करें कुर्बानी का खून को गड्ढा करके जमीन में दफन करें नालियों में ना बहाये जिससे दूसरे समुदाय को कोई आपत्ति ना हो आपसी भाईचारा हमारे देश में बना रहे हमारे रसूले खुदा सल्लल्लाहो वाले वसल्लम ने फरमाया जिस देश में रहते हो उस देश के कानून का सम्मान करें और उसे मानने यही सच्चे इस्लाम की पहचान है